Adda247
GET IT ON Google Play

# UP Police

## Previous Year Paper
### Computer Operator
### 19 May, 2016 Shift 1

Adda247

160 Questions

**Que. 1** निम्न में से उत्तर प्रदेश के किस शहर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान अवस्थित है?

1. इलाहाबाद
2. बरेली
3. लखनऊ
4. कानपुर

Correct Option - **4**

**Que. 2** सामूहिक "सविनय अवज्ञा" आंदोलन को एक अहिंसक हथियार के रूप में विचार भारत में सत्तारूढ़ ब्रिटिशों के विरूद्ध किसने दिया?

1. जवाहर लाल नेहरू
2. जमशेदजी टाटा
3. मोहनदास करमचन्द गांधी
4. सुभाष चन्द्र बोस

Correct Option - **3**

**Que. 3** 1905 में बंगाल राष्ट्रवादी भावना का केंद्र था। भारत का कौन सा वायसराय बंगाल के विभाजन के लिए जिम्मेदार था ?

1. लॉर्ड कार्नवालिस
2. लॉर्ड कर्जन
3. लॉर्ड वेलेस्ले
4. लॉर्ड क्लाइव

Correct Option - **2**

**Que. 4** BMI की गणना के लिए सूत्र _______ है।

1. वजन (kg)/(लम्बाई)$^2$ (मीटर)$^2$
2. वजन (kg) × लम्बाई (मीटर में)/लम्बाई (मीटर में)
3. वजन (kg)/लंबाई (मीटर)
4. लम्बाई (मीटर में)/वजन (kg)

Correct Option - **1**

**Que. 5** पुनर्गठित योजना आयोग का नया नाम है:

1. "NEETI" आयोग
2. "NITHI" आयोग

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

3. "NITI" आयोग
4. "NEETHI" आयोग

Correct Option - **3**

**Que. 6** गैलापागोस द्वीपों का एक द्वीपसमूह किसके पश्चिम में है?

1. दक्षिण अमेरिका
2. न्यूजीलैंड
3. ऑस्ट्रेलिया
4. उत्तरी अमेरिका

Correct Option - **1**

**Que. 7** जब मधुमक्खियाँ और तितलियाँ फूलों पर बैठती हैं तो वे पुष्पों की किस प्रक्रिया में सीधे तौर पर सहायता करती हैं?

1. निषेचन
2. नैस्तिक गतिविधि
3. टॉपिक गतिविधि
4. परागण

Correct Option - **4**

**Que. 8** एक नया कार मॉडल TIAGO किस कंपनी का है ?

1. टाटा मोटर्स
2. महेंद्रा
3. अशोक लीलैंड
4. मारूती सूजूकी

Correct Option - **1**

**Que. 9** कौन-सा सामाजिक माध्यम नहीं है?

1. ट्विटर
2. व्हाट्सएप
3. फेसबुक
4. टेलीविजन (TV)

Correct Option - **4**

**Que. 10** 13वीं सदी में सामान्य संस्कृति की जड़ भाषा रही है, सामान्य लोगों की भाषाओं में से एक भाषा दो अन्य भाषाओं का एक मिश्रण थी। वह _________ थी।

1. हिंदी

2. हिंदुस्तानी
3. फ़ारसी
4. संस्कृत

Correct Option - **2**

**Que. 11** निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की एक व्यापारिक या नकदी फसल है ?

1. बाजरा
2. कपास
3. धान
4. ज्वार

Correct Option - **2**

**Que. 12** 'माइक्रोसॉफ्ट' कंपनी किससे संदर्भित है ?

1. मार्क जुकरबर्ग
2. स्टीव जॉब्स
3. अजीम प्रेमजी
4. बिल गेट्स

Correct Option - **4**

**Que. 13** भारत में उपनिवेश स्थापित करने वाले अंतिम विदेशी कौन थे?

1. पुर्तगाली
2. अंग्रेज
3. फ्रेंच
4. मुगल

Correct Option - **3**

**Que. 14** जब हम कहते हैं कि मनुष्य ने प्रकृति के 'कार्बन सिंक' को मिटा दिया है तो हमारा तात्पर्य किस प्राकृतिक संसाधन को समाप्त करने से है?

1. महासागर
2. दलदल
3. मैदान
4. वन

Correct Option - **4**

**Que. 15** निम्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में से कौन-सा एक उत्तर प्रदेश की विशेषता का नहीं है?

1. बिहू
2. रसिया
3. नाटक
4. कव्वाली

Correct Option - **1**

**Que. 16** सबसे प्राचीन भारतीय साहित्य वेद हैं। कुल वेदों की संख्या ________ है?

1. 4
2. 3
3. 2
4. 1

Correct Option - **1**

**Que. 17** निम्नलिखित में से Paytm का संस्थापक कौन है?

1. बिल गेट्स
2. चंदा कोचर
3. विजय शेखर शर्मा
4. सुंदर पिचाई

Correct Option - **3**

**Que. 18** देश में अर्थव्यवस्था की स्थिति के संकेतकों में से CAD (करंट अकाउंट डिफिसिट) है, जो एक देश के व्यापार का माप है जिसमें :

1. वस्तुओं और सेवाओं के आयात की मात्रा, निर्यात की मात्रा से अधिक हो जाती है।
2. वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात की मात्रा, आयात की मात्रा से अधिक हो जाती है।
3. आयात और निर्यात दोनों की मात्रा में कमी आ जाती है।
4. वस्तुओं और सेवाओं के आयात की मात्रा निर्यात की मात्रा के बराबर रहती है।

Correct Option - **1**

**Que. 19** निम्नलिखित मुगलों में से उनके साम्राज्य का संस्थापक कौन था?

1. बाबर
2. बहादुर शाह
3. शाहजहाँ
4. अकबर

Correct Option - **1**

**Que. 20** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म कुंभ मेला पर्व और उसके समय अंतराल के बीच सुमेलित नहीं है ?

1. अर्ध कुंभ : प्रति छः वर्ष
2. कुंभ मेला : हर दूसरे वर्ष
3. कुंभ : प्रति बारह वर्ष
4. महा कुंभ : प्रति 144 वर्ष

Correct Option - **2**

**Que. 21** उत्तर प्रदेश में लगभग 18 प्रशासनिक मंडल हैं। लेकिन नीचे उल्लेख किये गये चार मंडल में से एक गलत मंडल को शामिल किया गया है उसे पहचानिये।

1. सहारनपुर मंडल
2. गाजियाबाद मंडल
3. चित्रकूट मंडल
4. आजमगढ़ मंडल

Correct Option - **2**

**Que. 22** भारत की जनसंख्या विश्व की जनसंख्या में से 1.2 अरब है। विश्व की जनसंख्या कितनी है?

1. 5 अरब
2. 7 अरब से अधिक
3. 70 लाख
4. 60 लाख

Correct Option - **2**

**Que. 23** खाद्य श्रृंखला में पोषण के दूसरे स्तर पर कौन है?
घास → कीट → पक्षी → बिल्ली

1. घास
2. बिल्ली
3. चिड़िया
4. कीट

Correct Option - **4**

**Que. 24** बढ़ते शहरीकरण में निम्नलिखित पारिस्थितिकी प्रणालियों में से किस एक को खतरे में डाल दिया है?

1. नदी
2. द्वीप
3. मुहाना
4. सदाबहार

Correct Option - **3**

**Que. 25** PSLV C34 रॉकेट श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 22 उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने के लिए प्रक्षेपित किया गया। यह _______ के इतिहास में पहली बार हुआ है।

1. नासा (NASA)
2. रोजकासमास
3. इसरो (ISRO)
4. सीएसए (CSA)

Correct Option - **3**

**Que. 26** भारत ________ के वैश्विक सोर्सिंग में एक उच्चतम स्थान रखता है।

1. पर्यटन उद्योग
2. IT और IT प्रौद्योगिकी पर आधारित सेवाएं ( IT - ITeS)
3. घरेलू और अंतराष्ट्रीय विमानन
4. वायरलाइन और वायरलेस (दूरसंचार कनेक्शन)

Correct Option - **2**

**Que. 27** आल्पस पर्वत कहाँ से देखा जा सकता हैं ?

1. पेरिस
2. लंदन
3. स्विटजरलैंड
4. रोम

Correct Option - **3**

**Que. 28** कार्बोहाइड्रेट ग्लूकोज में विभाजित होता है। लेकिन ग्लूकोज रक्त में रहता है और __________ रोग में एक हार्मोन की कमी के कारण ग्लाइकोजन के रूप में संग्रहित नहीं होता है।

1. मधुमेह इंसीपीड्स
2. एक्रोमिगेली
3. हाइपोथायरायडिज्म
4. मधुमेह मेलिटस

Correct Option - **4**

**Que. 29** आप निम्नलिखित में से किसमें अपनी प्रस्तुति ले जाने के लिए सक्षम नहीं हो पाओगे?

1. DVD
2. PC
3. CD

4. पेन ड्राइव

Correct Option - **2**

---

**Que. 30** _______ की नई सरकार के साथ जिसमें आग सान सू की विदेश मंत्री है, हमारे देश के साथ उस देश से सौहार्दपूर्ण रिश्ते होने की उम्मीद की जा रही है जो दक्षिण पूर्व एशिया के लिए भूमि प्रवेश द्वार है।

1. बांग्लादेश
2. श्रीलंका
3. म्यांमार
4. नेपाल

Correct Option - **3**

---

**Que. 31** वर्तमान प्रधानमंत्री का दक्षेस (SAARC) देशों के नेताओं को भारत की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित करने का निर्णय दर्शाता है कि-

1. भारत पड़ोसी देशों से सीमा पार प्रवासन नहीं चाहता है।
2. भारत का दृष्टिकोण अच्छी पड़ोस नीति को बनाए रखना है।
3. भारत पड़ोसी देशों के बीच पर्यटन शुरू करना चाहता है।
4. भारत पड़ोसी देशों के साथ व्यापार करने की इच्छा रखता है।

Correct Option - **2**

---

**Que. 32** आधी रात के समय जब दुनिया सो रही होगी, तब भारत जाग जाएगा और अपनी आजादी की ओर बढ़ेगा। इन शब्दों के साथ किसने भारत की स्वतंत्रता का स्वागत किया था?

1. स्वामी विवेकानन्द
2. मोतीलाल नेहरू
3. रवीन्द्रनाथ टैगोर
4. जवाहर लाल नेहरू

Correct Option - **4**

---

**Que. 33** लौह और इस्पात संयंत्र (TISCO) कहाँ स्थित है?

1. बोकारो
2. जमशेदपुर
3. भिलाई
4. दुर्गापुर

Correct Option - **2**

---

**Que. 34** उत्तर प्रदेश में आयकर आयुक्त का पद सेवा में किसके बराबर होता है?

1. जिला मजिस्ट्रेट
2. अपर सचिव
3. मण्डलायुक्त या सचिव
4. उच्च सचिव

Correct Option - **3**

**Que. 35** नर्मदा नदी किस घाटी से होकर बहती है ?

1. हिमालय और शिवालिक महाड़ियों
2. शिवालिक और विंध्य पहाड़ियों
3. विंध्य और सतपुड़ा पहाड़ियों
4. अरावली और सतपुड़ा पहाड़ियों

Correct Option - **3**

**Que. 36** अप्रयुक्त किताब दो वर्ष के लिए शेल्फ पर बनी रही जब तक उसे हटाया नहीं गया था। यह किस का एक उदाहरण है?

1. न्यूटन की गति का तृतीय नियम
2. आंशिक रूप में न्यूटन की गति का प्रथम नियम और न्यूटन की गति का तृतीय नियम
3. न्यूटन की गति का प्रथम नियम
4. न्यूटन की गति का द्वितीय नियम

Correct Option - **3**

**Que. 37** WTA मियामी ओपन 2016 के फाइनल में पहुँचने वाले दो खिलाड़ी जोकोविच और निशिकोरी थे। वे कौन सा खेल खेलते हैं?

1. स्क्वैश
2. लान टेनिस
3. टेबल टेनिस
4. बैडमिंटन

Correct Option - **2**

**Que. 38** उत्तर प्रदेश में पुलिस रेंजों की संख्या कितनी है जिसमें से प्रत्येक में 2 - 4 जिले शामिल हैं?

1. 18
2. 08
3. 75
4. 73

Correct Option - **1**

**Que. 39**

मैं गिर गया था और मेरे हाथ की टूटी हुई हड्डी को पुनः जोड़ने के लिए जिप्सम का प्लास्टर छह सप्ताह के लिए लगाया गया था। जिप्सम _________ है।

1. कैल्शियम क्लोराइड
2. कैल्शियम कार्बोनेट
3. कैल्शियम सल्फेट
4. कैल्शियम नाइट्रेट

Correct Option - **3**

---

**Que. 40** 2016 का सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार किस फिल्म के लिए संजय लीला भंसाली को दिया गया था?

1. तनु वेड्स मनु
2. बाजीराव मस्तानी
3. पीकू
4. बजरंगी भाईजान

Correct Option - **2**

---

**Que. 41** एक वृत्ताकार भूखंड की परिधि 220 मीटर है। इस वृत्ताकार भूखंड का क्षेत्रफल वर्ग मीटर में क्या है?

1. 7700 वर्ग मीटर
2. 1225 वर्ग मीटर
3. 5775 वर्ग मीटर
4. 3850 वर्ग मीटर

Correct Option - **4**

---

**Que. 42** **कथन :**

(I) कुछ विद्यार्थी बुद्धिमान हैं।
(II) अंकिता एक विद्यार्थी है।

**निष्कर्ष :**

1. कुछ विद्यार्थी मंदबुद्धि है।
2. अंकिता बुद्धिमान है।

1. केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।
2. केवल निष्कर्ष 1 और 2 निकलते हैं।
3. केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।
4. कोई निष्कर्ष नहीं निकलता।

Correct Option - **4**

---


**Que. 43** चिह्न '::' के बायीं ओर के दोनों पद आपस में एक निश्चित प्रकार से संबंधित हैं। उसी प्रकार से चिह्न '::' के दायीं ओर के पदों का युग्म भी आपस में संबंधित है, जिसमें से एक पद लुप्त है। विकल्पों में से लुप्त पद ज्ञात कीजिए।

CXVE : DWTG :: AZXC : ?

1. CXVE
2. BYXC
3. BYWE
4. BYVE

Correct Option - **4**

**Que. 44** नीचे दी गई आकृति में, त्रिभुज,'डाक्टरों' को दर्शाता है: 'वृत्त', विवाहित व्यक्तियों को दर्शाता है, तथा वर्ग धनी व्यक्तियों को दर्शाता है; आकृति के विभिन्न भागों में संख्याएं व्यक्तियों की संख्या को इंगित करती हैं।




कितने विवाहित डॉक्टर धनी नहीं हैं।

1. 4
2. 5
3. 6
4. 3

Correct Option - **1**

**Que. 45** रमन के विद्यालय की बस उसे उसके घर से बिठाती है। यह दायीं ओर दो बार मुड़ती है और फिर बायीं ओर मुड़ती है तथा विद्यालय पहुँच जाती है। यदि विद्यालय पहुँचने के समय बस दक्षिण के सम्मुख है तो रमन के घर से निकलने के पश्चात बस किस दिशा के सम्मुख थी?

1. पूर्व
2. दक्षिण
3. पश्चिम
4. उत्तर

Correct Option - **1**

**Que. 46** आप पाते हैं कि एक मित्र जिस पर आपको एक लंबे समय से विश्वास था, एक आत्म- केन्द्रित व्यक्ति है तथा उसके अंदर दूसरों के लिए कोई सम्मान नहीं है। आपके द्वारा लिया जाने वाला सर्वोत्तम फैसला है :

1. स्वयं को अपने मित्र से अलग कर लेना।
2. संबंध जारी रखने के लिए उसे अपने व्यवहार को बदलने के लिए कहना।
3. उसे पारम्परिक सम्बन्धों पर एक विशेष प्रशिक्षण के लिए भेजना।

4. अपने रिश्ते को जारी रखना और अपने मित्र की भावनाओं को समझने की कोशिश करना।

Correct Option - **4**

---

**Que. 47** जिस प्रकार 'Guide', 'Direct' से संबंधित है, उसी प्रकार 'Reduce' किस से संबंधित है?

1. Decrease
2. Remove
3. Give up
4. Put down

Correct Option - **1**

---

**Que. 48** एक विद्यालय की कक्षा V में 4 विभाग हैं। अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम विभाग के अनुसार नीचे तालिका में दिये गये हैं।

| विभाग | विद्यार्थियों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|
| | दोनों परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी | केवल अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी | केवल वार्षिक परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी | दोनों परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थी |
| A | 8 | 12 | 10 | 20 |
| B | 16 | 10 | 12 | 22 |
| C | 10 | 15 | 20 | 25 |
| D | 10 | 18 | 22 | 30 |

दोनों परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का न्यूनतम प्रतिशत किस विभाग का है?

1. C
2. A
3. B
4. D

Correct Option - **1**

---




**Que. 49** निम्नलिखित संख्या शृंखला को जारी रखने के लिए प्रश्न चिह्न के स्थान पर कौन सी संख्या आयेगी?
8, 27, 64, 125, ?

1. 216
2. 343
3. 256
4. 196

Correct Option - **1**

Adda247 GET IT ON Google Play

**Que. 50** निम्नलिखित में से कौन सा वेन आरेख सही ढंग से निम्न वर्गों के बीच संबंधों को दर्शाता है:
खिलाड़ी, महिलाएँ, डान्सर

1. 
2. 
3. 
4. 

Correct Option - **4**

**Que. 51** यदि 769 = 22 और 374 = 14 है, तो 856 = ?

1. 28
2. 46
3. 19
4. 9

Correct Option - **3**

**Que. 52** यदि 8 × 5 का अर्थ 8 - $5^2$ है और 9 $ 3 का अर्थ √9 + $3^2$ है, तो 25 × 3 $ 6 का मान क्या है?

1. 34
2. 36
3. 52
4. 40

Correct Option - **4**

**Que. 53** निम्नलिखित व्यंजक को सही करने के लिए दोनों प्रश्नवाचक चिह्नों के स्थान पर कौन सी एक संख्या आयेगी?

$\frac{?}{7} \times \frac{?}{12} = \frac{3}{7}$

1. 6
2. 3

3. 12
4. 9

Correct Option - **1**

**Que. 54** यदि H = 8 और HAT = 29 है तो ज्ञात कीजिए कि BOX = ?

1. 46
2. 43
3. 42
4. 41

Correct Option - **4**

**Que. 55** एक शाम सूर्यास्त से पहले, करण एक इमारत की तरफ चल रहा था। यदि इमारत की छाया करण के बाईं ओर पड़ रही है, तो करण किस दिशा के सम्मुख है?

1. उत्तर
2. पूर्व
3. पश्चिम
4. दक्षिण

Correct Option - **4**

**Que. 56** निम्नलिखित अक्षरांकीय शृंखला को जारी रखने के लिए प्रश्न चिह्न के स्थान पर कौन सी संख्या आयेगी?
2B9, 4E11, 12I15, ?

1. 36N23
2. 48M21
3. 60M21
4. 48N21

Correct Option - **4**

**Que. 57** नीचे दिए गए अक्षरों को संख्या से चिह्नित किया गया है। संख्याओं के सही अनुक्रम का चयन कीजिए जिसके अनुसार अक्षरों की व्यवस्था करके एक अर्थपूर्ण शब्द बनाया ज सके।

L A T U S E
1 2 3 4 5 6

1. 5, 2, 4, 1, 3, 6
2. 5, 2, 1, 4, 3, 6
3. 3, 2, 1, 5, 4, 6
4. 2, 5, 3, 4, 1, 6

Correct Option - **2**

Adda247 GET IT ON Google Play

**Que. 58** आपका पड़ोसी ऊँची आवाज पर संगीत चलाता है जिसमें आपको परेशानी होती है। आपने समस्या को उसके ध्यान में लाया है। लेकिन इसका कोई भी सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। आपको क्या करना चाहिए?

1. उसके साथ सीधे तौर पर चर्चा करनी चाहिए और एक सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने की कोशिश की जानी चाहिए।
2. शोर से छुटकारा पाने के लिए अपने घर के सभी दरवाजों और खिड़कियों को बंद करना चाहिए।
3. ऊँची आवाज पर संगीत चलाना चाहिए ताकि उसको महसूस हो सके कि यह कितना परेशान करने वाला हो सकता है।
4. इस पड़ोसी के व्यवहार की प्रकृति के बारे में अन्य पड़ोसियों से शिकायत करनी चाहिए।

Correct Option - **1**


**Que. 59** नीच दिए गए शब्द युग्म में दो शब्द एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। विकल्पों में से उस शब्द - युग्म का पता लगाएं जिसमें दोनों शब्द ठीक उसी प्रकार से संबंधित है जिस प्रकार शब्दों का मूल युग्म संबंधित है।

मस्तिष्क : सोचना :: ?

1. जल : पीना
2. पेट : पचाना
3. शरीर : ताकत
4. रक्त : संचारित होना

Correct Option - **2**



**Que. 60** नीचे 5 आकृतियाँ दी गई हैं जिनको I से V तक की संख्या दी गयी है, इनमें से 2 समान हैं। कौन से दो समान हैं?





1. II और V
2. II और IV
3. I और III
4. III और V


Correct Option - **1**

**Que. 61** कौन सी आकृति दी गयी अन्य तीन आकृतियों से भिन्न है?

1. 
2. 

GET IT ON Google Play

3. 



4. 

Correct Option - **3**

---

**Que. 62** उस आरेख को पहचाने जो दिए वर्गों के बीच सर्वश्रेष्ठ संबंध को दर्शाता है।

पशु, कुत्ते, पालतू जानवर

1. 
2. 
3. 
4. 

Correct Option - **3**

---

**Que. 63** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प दिए गए शब्दों के सबसे अधिक समान है?

वायलेट, नारंगी, नीला

1. इन्द्रधनुष
2. मजेंटा
3. रंग
4. पीला

Correct Option - **4**

---

**Que. 64** दिए गए विकल्पों में से एक सही संख्या का चयन करें, जो शृंखला को पूर्ण करेगी।

5040, 840, 168, ? 14, 7

1. 38
2. 42
3. 56
4. 36

Correct Option - **2**

**Que. 65** छः मित्र एक वृत्त में केंद्र के सम्मुख बैठे हुए हैं। भरत, विनोद के बाईं ओर है। राजेश, भरत और मुकेश के बीच में है। जयंत, विनोद और नरेन्द्र के बीच है। मुकेश के बाईं ओर कौन है?

1. भरत
2. विनोद
3. राजेश
4. नरेन्द्र

Correct Option - **4**

**Que. 66** दिये गये विकल्पों में से उस शब्द का चुनाव करें जो दिये गये शब्द के अक्षरों के सिर्फ एक बार प्रयोग से नहीं बनाया जा सकता है।

TOURNAMENT

1. MENTOR
2. NAME
3. MANNER
4. METER

Correct Option - **4**

**Que. 67** कौन सी संख्याओं का समूह अन्य तीन से भिन्न है?

1. 4, 16, 63
2. 6, 36, 215
3. 11, 121, 1221
4. 8, 64, 511

Correct Option - **3**

**Que. 68** जिस प्रकार 'अपमान' का संबंध 'सम्मान' से है, उसी प्रकार 'विजय' का संबंध _________ से है।

1. पराजय
2. सुरक्षा
3. गुण
4. सफलता

Correct Option - **1**

**Que. 69** निर्णय कीजिए कि दिए गए कथन के सन्दर्भ में कौन सा/से तर्क 'प्रबल' है/हैं।

**कथन :** क्या विद्यालय के सभी शिक्षकों को निजी ट्यूशन देने से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए?

**तर्क :**

I. हाँ, अब इन शिक्षकों के वेतन यथोचित हैं।

II. नहीं, जरूरतमंद छात्र इन शिक्षकों की विशेषज्ञता से वंचित हो जाएंगे।

III. हाँ, केवल तभी विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा।

1. केवल II तथा III प्रबल हैं।
2. केवल I तथा II प्रबल हैं।
3. केवल III प्रबल है।
4. केवल II प्रबल है।

Correct Option - **4**

---

**Que. 70** दिए गए विकल्पों में से संबंधित संख्या का चयन कीजिए।

9 : 30 :: 23 : ?

1. 74
2. 72
3. 95
4. 89

Correct Option - **2**

---

**Que. 71** नीचे दिए गए शब्द - युग्म में दो शब्द आपस में एक निश्चित प्रकार से संबंधित हैं। विकल्पों में से उस शब्द - युग्म का पता लगाएँ जिसमें दोनों शब्द ठीक उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार शब्दों का वास्तविक युग्म संबंधित है।

पानी : प्यासा :: ?

1. कागज : लुगदी
2. वर्षा : सूखा
3. पढ़ना : लिखना
4. फर्नीचर : लकड़ी

Correct Option - **2**

---

**Que. 72** एक विशेष संकेत भाषा में TWELVE को SXDMUF लिखा गया है। उसी भाषा में ELEVEN को किस प्रकार लिखा जाएगा?

1. FKFUFO
2. DMDDOW
3. DKDUDM
4. DMDWDO

Correct Option - **4**

**Que. 73** अरुणा, भावना की माँ है; चंदर, अरुणा का पुत्र है, दीपक, प्रिया का भाई है; और प्रिया, भावना की बेटी है। दीपक, अरुणा से किस प्रकार संबंधित है?

1. भाई
2. पुत्र
3. नाती
4. भतीजा

Correct Option - **3**

**Que. 74** निम्नलिखित शब्दों के युग्मों में से कौन सा अन्य तीन युग्मों से अलग है?

1. चिकित्सक : रोगी
2. शिक्षक : छात्र
3. वकील : मुवक्किल
4. क्लर्क : कार्यालय

Correct Option - **4**

**Que. 75** एक चुनाव में, $\frac{1}{2}$ मतदाताओं ने अमित को, बचे हुए शेष मतदाताओं में से आधे ने भगत को, और अब बचे हुए शेष मतदाताओं में से आधों ने राजेश को मतदान किया। 720 मतदाताओं ने मतदान नहीं किया। पूरी सूची में कितने प्रतिशत ने मतदान नहीं किया।

1. 7.5
2. 12.10
3. 8.75
4. 12.5

Correct Option - **4**

**Que. 76** सामान्य ज्ञात तथ्यों की अवेहलना करते हुए मान लीजिए कि दिए गये कथन सही हैं और निर्णय कीजिए कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का अनुसरण करते हैं।

**कथन :**

कोई विद्यालय डाक-घर नहीं है।

सभी बैंक डाक-घर हैं।

सभी डाक-घर डाकिया हैं।

**निष्कर्ष :**

I. कोई विद्यालय, डाकिया नहीं है।

II. सभी बैंक, डाकिया है।

III. कुछ डाकिया, विद्यालय नहीं है।

IV. कोई बैंक, विद्यालय नहीं है।

1. केवल निष्कर्ष II, III तथा IV अनुसरण करते हैं।

2. सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।
3. तो केवल निष्कर्ष I या IV, तथा III अनुसरण करते हैं।
4. या तो केवल निष्कर्ष I या IV अनुसरण हैं।

Correct Option - **1**

**Que. 77** 'असहमति' सदैव ________ को इंगित करती है।

1. पक्षपात
2. शत्रुता
3. हिंसा
4. विवाद

Correct Option - **4**


**Que. 78** दी गई संख्या के अनुक्रम में, कितने '8' हैं जिनके ठीक पहले '6' है, परन्तु ठीक बाद '3' नहीं है?

4, 1, 5, 6, 8, 7, 5, 6, 2, 8, 5, 3, 6, 8, 3, 5, 6, 8, 1, 5, 3, 6, 8, 4, 9, 6, 8, 2, 6, 8, 7, 8, 3

1. 8
2. 4
3. 5
4. 6

Correct Option - **3**

**Que. 79** दी गयी आकृति में कितने त्रिभुज हैं?




1. 10
2. 20
3. 18
4. 21 या अधिक

Correct Option - **4**

**Que. 80** दिए गए पैटर्न को पूरा करने के लिए, विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो (बिना घूर्णन) रिक्त स्थान में रखी जा सके।

GET IT ON Google Play



1. 

2. 

3. 

4. 

Correct Option - **2**

**Que. 81** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प डाटाबेस प्रबंधन प्रणाली नहीं है?

1. MySQL
2. Mongo DB
3. MS- Access
4. ओरेकल

Correct Option - **2**

**Que. 82** ई - वाणिज्य (कामर्स) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

1. यह एक इलेक्ट्रानिक व्यवसाय है जिसमें कभी भी हानि नहीं होती है
2. यह खरीदी और बिक्री प्रक्रिया का सामान्य शब्द है जिसे इलेक्ट्रानिक माध्यम से समर्थन मिलता है
3. इसमें B2C और B2B दोनों लेनदेन शामिल होते हैं
4. यह 'इलेक्ट्रानिक खरीददारी' से विकसित हुआ है

Correct Option - **1**

**Que. 83** वर्ग A IP एड्रेस का डिफॉल्ट सब्नेट मास्क ________ है।

1. 255.255.0.0
2. 0.0.0.255
3. 255.0.0.0
4. 255.255.255.0

Adda247

GET IT ON Google Play

Correct Option - **3**

**Que. 84** व्युत्पन्न विशेषताओं जैसे निर्णय का प्रतिनिधित्व करने हेतु चित्र में निम्नलिखित में से कौन से आकार का प्रयोग किया जाता है?

1. हीरा (ठोस रेखा)
2. अंडाकार (चिन्हित रेखा)
3. अंडाकार (ठोस रेखा)
4. समकोण (ठोस रेखा)

Correct Option - **1**

**Que. 85** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प 'लोकैलिटी ऑफ रेफरेंस' सिद्धांत के अनुसार कार्य करता है?

1. RAM
2. कैश मैमोरी
3. चुंबकीय टैप
4. ROM

Correct Option - **2**

**Que. 86** MySQL _______ है।

1. पदानुक्रमिक डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम
2. ऑब्जेक्ट-ओरिएंटेड मैनेजमेंट सिस्टम
3. क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम
4. रिलेशन डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम

Correct Option - **4**

**Que. 87** दशमलव (डेसिमल) 2 का ग्रे कोड _______ है।

1. 0010
2. 1000
3. 0011
4. 0101

Correct Option - **3**

**Que. 88** IP एड्रेस वर्ग की कुल संख्या है-

1. 6
2. 5
3. 3
4. 4

Correct Option - **2**

**Que. 89** प्रभावित करने वाली चार वस्तुओं के बूलियन फलन f(A. B. C. D) के सरलीकरण हेतु के मैप का आकार (सेल की संख्या) _______ है।

1. 6
2. 16
3. 4
4. 8

Correct Option - **2**

**Que. 90** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सिस्टम सॉफ्टवेयर का उदाहरण है?

1. एंटीवाइरस सॉफ्टवेयर
2. ओरेकल
3. एमएस-वर्ड
4. ऑपरेटिंग सिस्टम

Correct Option - **4**

**Que. 91** ऑक्टल संख्या $(1070)_8$ के 8 का पूरक ________ है।

1. $(1070)_8$
2. $(7710)_8$
3. $(2107)_8$
4. $(6710)_8$

Correct Option - **4**

**Que. 92** MS-पावर पॉइंट में किस मेनु मद में 'स्लाइड-सॉर्टर' विकल्प शामिल है?

1. फार्मेट
2. व्यू
3. एनिमेशन
4. टूल्स

Correct Option - **2**

**Que. 93** 191.10.10.1 एड्रेस में सम्मिलित ________ है।

1. क्लास D
2. क्लास A
3. क्लास B
4. क्लास C

Correct Option - **3**

**Que. 94** षोडश आधारी (हेक्साडेसिमल) संख्या $(A10)_{16}$ का 15 वां पूरक ________ है।

1. $(5EF)_{16}$
2. $(6F0)_{16}$
3. $(6FF)_{16}$
4. $(5E0)_{16}$

Correct Option - **1**

**Que. 95** विंडोज आपरेटिंग सिस्टम OLE तर्क से समर्थन करता है, जो है -

1. आब्जेक्ट लुकिंग तथा इन्हेन्समेंट
2. आब्जेक्ट लिंकिंग तथा इम्बेडिंग
3. आब्जेक्ट लाकिंग तथा इम्बेडिंग
4. आब्जेक्ट लिंकिंग तथा इन्हेन्समेंट

Correct Option - **2**

**Que. 96** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प कमजोर है?

1. कर्मचारी
2. आश्रित
3. विभाग
4. विद्यार्थी

Correct Option - **2**

**Que. 97** UTF-8 किसी भी ASCII अक्षर के लिए ________ बाइट का प्रयोग करता है/करते हैं।

1. 8
2. 2
3. 1
4. 4

Correct Option - **3**

**Que. 98** MS-Word में टेक्स्ट के फॉन्ट का अधिकतम आकार क्या हो सकता है?

1. 512
2. 128
3. 1638
4. 1024

Correct Option - **3**

**Que. 99** ATM का संक्षिप्त रूप __________ है।

1. आटोमेटेड टेलर मशीन
2. आटोमेटेड ट्रांसफर मैकेनिज्म
3. आटोमेटेड ट्रांसफर मशीन
4. आटोमेटेड टेलर मैकेनिज्म

Correct Option - **1**

**Que. 100** ऑक्टल नंबर 705 का द्विवर्ण (बाइनरी) समकक्ष ________ है।

1. 1110101
2. 1010111
3. 111000101
4. 101000111

Correct Option - **3**

**Que. 101** निम्नलिखित में से कौन सा अभारित कोड है जिससे एक कोड संख्या से दूसरे में जाते समय केवल एकल बिट परिवर्तन होता है?

1. ग्रे(Gray)
2. एक्स्सेस-3
3. ASCIl
4. BCD

Correct Option - **1**

**Que. 102** निम्नलिखित में कौन सा विकल्प मल्टीटास्किंग ऑपरेटिंग सिस्टम है?

1. विंडोज
2. यूनिक्स
3. MS-DOS
4. मैक OS X

Correct Option - **2**

**Que. 103** निम्नलिखित में से कौन से नेटवर्क टोपोलोजी की रूपरेखा अधिक जटिल है?

1. बस
2. स्टार
3. मेश
4. हाइब्रिड

Correct Option - **4**

**Que. 104** निम्नलिखित में से किस नेटवर्क टोपोलॉजी में, नेटवर्क से कंप्यूटर जोड़ने या हटाने से नेटवर्क की गति बाधित होती है?

1. रिंग
2. स्टार
3. बस
4. मेश

Correct Option - **1**

**Que. 105** बाइनरी नंबर 100100 का 2 का कॉम्प्लीमेंट है-

1. 011101
2. 011110
3. 111100
4. 011100

Correct Option - **4**

**Que. 106** ई-वाणिज्य (कॉमर्स) द्वारा अनुसरण किया गया मॉडल जिसमें उपभोक्ता उत्पादों एवं सेवाओं के लिए अपने निजी मूल्य परिभाषित करते हैं।

1. C2B
2. B2G
3. B2C
4. B2B

Correct Option - **1**

**Que. 107** क्लास C IP एड्रेसस हेतु पहला ऑक्टेट उच्चतम स्तर बिट ________ है।

1. 101
2. 110
3. 111
4. 100

Correct Option - **2**

**Que. 108** विंडोज वर्जन के दस्तावेज में वर्तमान तारीख एंटर करने हेतु निम्नलिखित में से कुंजी के किस युग्म का प्रयोग किया जाता है?

1. Alt + Ctrl + d
2. Alt + Shift + d
3. Shift + d
4. Alt + d

Correct Option - **2**

Adda247 GET IT ON Google Play

**Que. 109** सबसे गतिशील लॉजिक परिवार निम्न में से कौन-सा है?

1. एमीटर युग्मित लॉजिक (ECL)
2. ट्रांजिस्टर-ट्रांजिस्टर लॉजिक (TTL)
3. डायोड-ट्रांजिस्टर लॉजिक (DTL)
4. रजिस्टर-ट्रांजिस्टर लॉजिक (RTL)

Correct Option - **1**

**Que. 110** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प बहु-मान विशेषता(मल्टी वैल्यू कैरेक्टरिस्टिक) है ?

1. आयु
2. ई-मेल आईडी
3. आधार संख्या
4. लिंग

Correct Option - **2**

**Que. 111** एंटिटी इंटीग्रिटी कंस्ट्रेंट् अवस्था बताती है कि-

1. प्राइमरी कुंजी का मान सभी ट्यूपल्स में यूनिक होना चाहिए।
2. प्राइमरी कुंजी का मान नल नहीं हो सकता।
3. फॉरेन कुंजी का मान नल नहीं हो सकता।
4. एक टेबल में प्राइमरी कुंजी तथा फॉरेन कुंजी दोनों नहीं हो सकते है।

Correct Option - **2**

**Que. 112** बाइनरी संख्या, 11011 एवं 10111 का योग ________ है।

1. 10010
2. 11001
3. 110010
4. 010010

Correct Option - **3**

**Que. 113** निम्नलिखित में से स्टैक के संबंध में कौन सा कथन गलत है?

1. यह लीनियर डाटा स्ट्रक्चर है
2. अटैच्ड लिस्ट के प्रयोग के जरिए इसे कार्यान्वित नहीं किया जा सकता है
3. यह लास्ट कम, फर्स्ट आउट सर्विस की नीति का अनुसरण करता है
4. वन-डायमेंशनल ऐरे के प्रयोग के जरिए इसे कार्यान्वित किया जा सकता है

Correct Option - **2**

**Que. 114** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प मोबाईल संगणना(कम्प्यूटेशन) का लाभ है?

1. संयोजकता (कनेक्टिविटी) की गुणवत्ता
2. एक स्थान से दूसरे स्थान आसानी से अंतरण
3. बिजली का उपभोग
4. सुरक्षा

Correct Option - **2**

---

**Que. 115** बाहरी आक्रमण से प्राइवेट नेटर्वक को सुरक्षित रखने हेतु निम्नलिखित में से किस का प्रयोग किया जाता है?

1. फायरवॉल
2. कॉन्क्रीट वॉल
3. एन्क्रिप्शन
4. डिजिटल सिग्नेचर

Correct Option - **1**

---

**Que. 116** निम्नलिखित में से कौन सी एटॉमिक एट्रिब्यूट है?

1. डेट ऑफ़ बर्थ
2. टेलीफोन नंबर
3. नेम (Name)
4. ऐज (Age)

Correct Option - **4**

---

**Que. 117** डीक्यू डाटा स्ट्रक्चर को ________ भी कहते हैं।

1. डबल क्यू
2. डिटेरमिनिस्टिक क्यू
3. इक्वल क्यू फ्रॉम आइदर
4. डिस्ट्रिब्यूटेड क्यू

Correct Option - **1**

---

**Que. 118** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प रेखीय (लीनियर) डाटा स्ट्रक्चर है?

1. टर्नरी ट्री
2. बाइनरी ट्री
3. स्टैक
4. ग्राफ

Correct Option - **3**

---

**Que. 119** विभिन्न बाइनरी ऐरे (एक ऐरे जिसमें प्रत्येक सेल या तो 0 या 1 को बाइनरी एरे कहलाता है) क्रम $n \times n$ की संख्या है :

1. $2^{2n}$
2. $2^{n \times n}$
3. $n^2$
4. $2^n$

Correct Option - **2**

**Que. 120** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प ओरेकल का DML कमांड है?

1. ऑल्टर
2. क्रिएट
3. ड्रॉप
4. डिलीट

Correct Option - **4**

**Que. 121** आव्यूह के 0 से 4 तक की पंक्ति सूचकांकों और 0 से 5 तक के स्तंभ सूचकांकों का आकार (सेल की संख्या) _____ हैं।

1. 30
2. 9
3. 10
4. 20

Correct Option - **1**

**Que. 122** DBMS में कार्रवाई "प्रतिबद्ध" (कमिट) करने से पहले ही:

1. आपके द्वारा किए गए परिवर्तन न आपको और न ही डाटाबेस इंस्टेंस के अन्य प्रयोगकर्ताओं को दृश्य होते हैं
2. आपके द्वारा किए गए परिवर्तन आपको और डाटाबेस इंस्टेंस के अन्य प्रयोगकर्ताओं को दृश्य होते हैं
3. आपके द्वारा किए गए परिवर्तन अंतिम नहीं होते हैं, परंतु आप वापसी (ROLLBACK) कथन से उसे पहले जैसा नहीं कर सकते हैं।
4. आपके द्वारा किए गए परिवर्तन केवल आपको दृश्य होने हैं, परंतु डाटाबेस इंस्टेंस के अन्य प्रयोगकार्ताओं को नहीं

Correct Option - **4**

**Que. 123** ARPANET _________ में विकसित किया गया था।

1. 1959
2. 1969
3. 1971
4. 1981

Correct Option - **2**

**Que. 124** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प अर्द्ध द्वैध संचार उपकरण (हाफ-इयूप्लेक्स कम्यूनिकेशन डिवाइस) का उदाहरण है?

1. रेडियो
2. टेलीफोन
3. टेलीविजन
4. वॉकी-टॉकी

Correct Option - **4**

---

**Que. 125** MS-Word में दस्तावेज के टाइपफेस को बदलने हेतु निम्नलिखित में से मेनु के किस मद (आइटम) का प्रयोग किया जाता है?

1. फॉर्मेट
2. एडिट
3. व्यू
4. टूल्स

Correct Option - **1**

---

**Que. 126** डैजी व्हील ________ का एक प्रकार है।

1. पाइंटिंग उपकरण
2. भण्डारण उपकरण
3. प्रिंटर
4. स्कैनर

Correct Option - **3**

---

**Que. 127** $(207)_8$ - $(145)_8$ के घटाव का मान ________ है।

1. $(42)_8$
2. $(602)_8$
3. $(402)_8$
4. $(62)_8$

Correct Option - **1**

---

**Que. 128** फाइबर डिस्ट्रिब्यूटेड डाटा इंटरकनेक्ट (FDDI) का उदाहरण __________ है।

1. टोकन बस
2. स्टार टोपोलॉजी
3. मेश टोपोलॉजी
4. टोकन रिंग

Correct Option - **4**

**Que. 129** प्रवाह आरेख (फ्लोचार्ट) के संबंध में कौन सा कथन गलत है?

1. यह, एक एल्गोरिदम का चित्रात्मक निरूपण है।
2. यह प्रतिबंधी कथनों के निरूपण हेतु हीरे के आकार के चिन्हों का प्रयोग करता है।
3. यह डाटा फ्लो डायग्राम (DFD) का विकल्प है।
4. यह, एल्गोरिदम के निष्पादन के अनु क्रम का प्रतिनिधित्व करता है।

Correct Option - **2**

**Que. 130** मोबाइल संगणना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

1. यह बेतार संचार (वायलेस कम्मयुनिकेशन) के सभी पहलुओं को शामिल नहीं करते हैं
2. यह किसी भी स्थान से संगणना की अनुमति देता है
3. मोबाइल सॉफ्टवेयर, मोबाइल प्रयोगी की विशिषताएं एवं आवश्यकताओं से संबंधित है
4. मोबाइल हार्डवेयर, मोबाइल उपकरण अथवा उपकरण के अवयम सम्मिलित है जो गतिशीलता की सेवा प्राप्त अथवा प्रयोग करता है

Correct Option - **4**

**Que. 131** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प क्यू का प्रयोग है?

1. रिकर्सिव फंक्शन का कार्यान्वयन
2. फंक्शन कॉल्स
3. CPU शेड्यूलिंग
4. गणित अभिव्यक्तियों का मूल्यांकन

Correct Option - **3**

**Que. 132** निम्न में से कौन लूपबैक IP एड्रेस है?

1. 127.0.0.1
2. 124.0.0.1
3. 124.0.1.0
4. 125.0.1.0

Correct Option - **1**

**Que. 133** IPv4 एड्रेसेस की लंबाई ________ बिट्स है।

1. 64
2. 32
3. 8
4. 16

Correct Option - **2**

Adda247 GET IT ON Google Play

**Que. 134** यूनिक्स ________ में विकसित किया गया था।

1. सन माइक्रोसिस्टम्स
2. इंटेल
3. AT & T बेल लैब्स
4. माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन

Correct Option - **3**

**Que. 135** निम्नलिखित में से कौन सा तार्किक गेट, इनपुट मानों के भिन्न होने पर 1 आउटपुट दर्शाता है?

1. AND
2. XOR
3. NOR
4. XNOR

Correct Option - **2**

**Que. 136** निम्नलिखित में से कौन सा सर्च (सर्च) इंजिन बहुभाषीय नहीं है?

1. याहू!
2. यांडेक्स
3. बिंग
4. गूगल

Correct Option - **2**

**Que. 137** निम्नलिखित में से कौन से विकल्प के जरिए वैयक्तिक व्यक्ति एक दूसरे में कार्रवाई कर सकते हैं?

1. क्रेडिट कार्ड
2. ई-कैश
3. डेबिट कार्ड
4. इलेक्ट्रानिक सिग्नेचर

Correct Option - **2**

**Que. 138** यह मानते हुए कि पूर्णांक (इंटीजर) का आकार 2 वाइट है, यदि किसी पूर्णांक (इंटीजर) का आधार पता (बेस एड्रेस) 100 है, तो है, तो 9वीं सेल का पता (एड्रेस) ________ होगा।

1. 118
2. 900
3. 109
4. 116

Correct Option - **4**

**Que. 139** वैयक्तिक डिजिटल सहायक (PDA) में निम्नलिखित किस मेमरी उपकरण का प्रयोग किया जाता है?

1. मैग्नेटिक टेप
2. DVD
3. मेमरी स्टिक
4. हार्ड डिस्क

Correct Option - **3**

**Que. 140** डीमॉर्गन थियोरम के अनुसार :

1. एक NAND गेट, निगेटिव - AND (विपरीत AND) गेट के समान होता है
2. एक NAND गेट, NOR गेट के समान होता है
3. एक NOR गेट, निगेटिव - AND (विपरीत AND) गेट के समान होता है
4. एक NOR गेट, निगेटिव - OR (विपरीत OR) गेट के समान होता है

Correct Option - **1**

**Que. 141** निम्नलिखित में से किस रजिस्टर का प्रयोग अगले एक्सीक्यूशन के एड्रेस के संचयन के लिए किया जाता है?

1. एक्युमुलेटर
2. इंस्ट्रक्शन रजिस्ट्रर
3. इंडेक्स रजिस्ट्रर
4. प्रोग्राम काउंटर

Correct Option - **4**

**Que. 142** षोडश आधारी (हेक्साडेसिमल ) नंबर सिस्टम में प्रयोग किए जाने वाले कुल विभिन्न चिन्ह _______ है।

1. 8
2. 4
3. 16
4. 2

Correct Option - **3**

**Que. 143** यदि किसी स्टैक पर निम्नलिखित संक्रिया (ऑपरेशन) किया जाए तो संस्थाओं का अनुक्रम क्या होगा?
push(4). push(9). pop (). push (5) . pop (). pop ()

1. 9, 5, 4
2. 4, 9, 5
3. 4, 5, 9
4. 5, 9, 4

Correct Option - **1**

**Que. 144** फ्लिपकार्ट किस श्रेणी में आता है?

1. B2G
2. C2C
3. B2C
4. B2B

Correct Option - **3**

**Que. 145** दशमलव 2 का एक्सेस-3 कोड __________ है।

1. 1010
2. 1100
3. 0101
4. 0011

Correct Option - **3**

**Que. 146** वेब दस्तावेजों में इमेज इन्सर्ट करने हेतु निम्नलिखित में से किस HTML टैग का प्रयोग किया जाता है?

1. src
2. picture
3. image
4. img

Correct Option - **4**

**Que. 147** पावरपांइट में किस की (key) को दबाते हुए स्लाइड शो को रोक दिया जा सकता है?

1. Esc
2. Alt
3. Enter
4. Ctrl

Correct Option - **1**

**Que. 148** यदि किसी क्यू पर निम्नलिखित संक्रिया (ऑपरेशन) की जाए तो संख्याओं का अनुक्रम क्या होगा ?
push(2). push(5). pop(). pop(). push(8). push(6). pop(). pop()

1. 6, 8, 5, 2
2. 5, 2, 6, 8
3. 5, 2, 8, 6
4. 2, 5, 8, 6

Correct Option - **4**

**Que. 149** NAND गेट (अर्थात NAND गेट का परिपथ के रूपांकन) के कार्य की प्राप्ति हेतु NOR की न्यूनतम कितने गेटों की आवश्यकता पड़ती है?

1. 2
2. 3
3. 1
4. 4

Correct Option - **4**

---

**Que. 150** निम्नलिखित में से कौन-सा ऑपरेटिंग सिस्टम, MS - DOS के ऊपर क्रियाशील होते हुए, 16 - बिट और 32 - बिट प्रीएम्पटिव एवं कोऑपरेटिंग मल्टिटास्किंग को सपोर्ट करता है?

1. विंडोज XP
2. विंडोज 95
3. विंडोज 7
4. विंडोज 10

Correct Option - **2**

---

**Que. 151** हार्ड डिस्क की रिकॉर्डिंग सतह को संकेंद्रित वृत्त (कॉन्सेंट्रिक सर्कल) में विभाजित किया जाता है जिसे कहते __________ हैं।

1. सिलेंडर
2. ट्रैक
3. ड्रम
4. सेक्टर

Correct Option - **2**

---

**Que. 152** निम्नलिखित में से हरित संगणना के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है?

1. यह पर्यावरण की दृष्टि से कंप्यूटरों एवं संबंधित संसाधनों का उत्तरदायी प्रयोग है।
2. इसमें ऊर्जा सक्षम संगणना उपकरणों का कार्यान्वयन शामिल है।
3. यह, संगणना उपकरणों को सशक्त एवं विश्वसनीय बनाने हेतु एक उभरती हुई तकनीक है।
4. इसे हरित प्रौद्योगिकी भी कहते हैं।

Correct Option - **4**

---

**Que. 153** स्टैक द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी डाटा रिट्रीवल पॉलिसी का अनुसरण किया जाता है?

1. नॉन-सीक्वेंस
2. लास्ट कम, फर्स्ट आउट
3. फर्स्ट कम, फर्स्ट आउट
4. लास्ट कम, फर्स्ट आउट

Correct Option - **2**

**Que. 154** वेब ब्राउजर का मुख्य कार्य ________ है।

1. कंप्रेस HTML कोड
2. डी- कम्पाइल कोड
3. इंटरप्रेट HTML कोड
4. कम्पाइल HTML कोड

Correct Option - **3**

**Que. 155** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प एम्बेडेड सिस्टम की आवश्यकता नहीं है?

1. संसाधन शक्ति का सक्षम प्रयोग
2. विश्वसनीयता
3. बिजली का निम्न उपभोग
4. आकार में बड़ा

Correct Option - **4**

**Que. 156** एक अर्द्ध योजक निर्मित करने हेतु आवश्यक तार्किक गेट की संख्या ________ है।

1. AND गेट एवं NOT गेट
2. AND गेट एवं OR गेट
3. XOR गेट एवं OR गेट
4. XOR गेट एवं AND गेट

Correct Option - **4**

**Que. 157** क्विकार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड _______ वर्ग के तहत शामिल है।

1. C2C
2. B2C
3. B2G
4. B2B

Correct Option - **1**

**Que. 158** ANSI-SPARC में DBMS के त्रिस्तरीय संरचना, SPARC का विस्तार _______ है।

1. सिस्टेम प्लानिंग एंड रिक्वायरमेंट्स कमिटी
2. स्टैंडर्ड्स प्लानिंग एंड रिक्वायरमेंट्स कमिटी
3. सिस्टेम प्लानिंग एंड रिएसेसमेंट कमिटी
4. सिस्टेम प्लानिंग एंड रिव्यू कमिटी

Correct Option - **2**

**Que. 159** AB' + AB + A'B का समतुल्य बूलियन व्यंजक है-

1. A' + B
2. AB
3. A - B
4. A + B

Correct Option - **4**

**Que. 160** वैक्यूम ट्यूबों को ट्रांजिस्टर द्वारा ________में प्रतिस्थापित किया गया था।

1. चौथी पीढ़ी कम्प्यूटर
2. पहली पीढ़ी कम्प्यूटर
3. दूसरी पीढ़ी कम्प्यूटर
4. तीसरी पीढ़ी कम्प्यूटर

Correct Option - **3**